अमर उजाला 16/04/2023

# गैर शिक्षक स्टाफ को दिया कंप्यूटर ज्ञान

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने गैर-शिक्षक स्टाफ के कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए शनिवार को एक प्रोफेशनल डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित किया।

इसका उद्देश्य सॉफ्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूल का उपयोग सिखाना था। कार्यक्रम कंप्यूटर विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरजीत सिंह की ओर से आयोजित किया था, जो ईआरपी सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ हैं।

उन्होंने सॉफ्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूल जैसे छुट्टी, प्रबंधन प्रणाली, प्रोफाइल संपादन और वेतन पर्चे का विवरण दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विभाग की इस गतिविधि की सराहना की। संवाद